दिन–शनिवार दिनांक– 15/06/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उन्नीस जून को एक दिवसीय दौरे पर राजगीर आयेंगे। श्री मोदी अंतरराष्ट्रीय नालंदा विश्वविद्यालय के नवनिर्मित परिसर का करेंगे उद्घाटन।

02. प्रधानमंत्री अठारह जून को पीएम–किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत नौ करोड़ तीन लाख किसानों के खाते में लगभग बीस हजार करोड़ रुपये अंतरित करेंगे।

03. साहित्य अकादमी ने मैथिली भाषा का बाल साहित्य पुरस्कार नारायणजी और युवा पुरस्कार रिंकी झा ऋषिका को देने की घोषणा की।

04. और, प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में भीषण गर्मी और लू से जन–जीवन प्रभावित। अगले दो दिनों तक लू से राहत के आसार नहीं।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उन्नीस जून को एक दिवसीय दौरे पर राजगीर आ रहे हैं। श्री मोदी अंतरराष्ट्रीय नालंदा विश्वविद्यालय के नवनिर्मित परिसर का उद्घाटन करेंगे। साथ ही वे विश्वविद्यालय के छात्रों को संबोधित भी करेंगे। नालंदा के जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि प्रधानमंत्री का प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के भग्नावशेषों के अवलोकन का भी कार्यक्रम है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अठारह जून को पीएम–किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत नौ करोड़ तीन लाख किसानों के खाते में लगभग बीस हजार करोड़ रुपये अंतरित करेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा गया है।

———बाईट———

———————————————————————

अठारहवीं लोकसभा का पहला संसद सत्र चौबीस जून से शुरू हो रहा है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार संसद की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी राजनीतिक दलों और सांसदों के साथ मिलकर काम करने को

तैयार है। उन्होंने कहा कि संसद के पहले सत्र में नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाने, लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव और फिर संसद के दोनों सदनों की बैठक में राष्ट्रपति का अभिभाषण होने की परंपरा है।

———————————————————————————

जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता के. सी. त्यागी ने कहा है कि उनकी पार्टी ने लोकसभा अध्यक्ष पद की मांग नहीं की है। आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में श्री त्यागी ने कहा कि भाजपा लोकसभा अध्यक्ष के लिए जिस किसी भी सदस्य का नाम प्रस्तावित करेगी, उसका पार्टी समर्थन करेगी।

———बाईट———

———————————————————————————

केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि बिहार में उद्योग धंधें की अपार संभावनाएं हैं। श्री सिंह आज पटना में राज्य के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा और वरीय अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में नए उद्योगों की स्थापना कर रोजगार के अवसर पैदा किये जायेंगे।

———बाईट———

बाद में केन्द्रीय कपड़ा मंत्री ने मुजफ्फरपुर के बेला इंडस्ट्रियल एरिया में बैग और टेक्सटाइल क्लस्टर का निरीक्षण किया। उनके साथ राज्य सरकार के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा भी मौजूद थे।

———————————————————————————

पटना में आज से दो दिवसीय राज्य स्तरीय आम महोत्सव– आमोत्सव शुरू हुआ। राजभवन परिसर में आयोजित इस महोत्सव का उद्घाटन राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने किया। श्री आर्लेकर ने कहा कि बिहार में आम के उत्पादन, विपणन और प्रसंस्करण की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने राज्य में आम प्रसंस्करण और पैकेजिंग इकाइयां स्थापित करने पर जोर दिया।

———बाईट———

आम महोत्सव के दौरान कृषि वैज्ञानिकों, आम उत्पादकों, किसानों और निर्यातकों के साथ उत्तर भारत में आम उत्पादन से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। इस दौरान खरीदारों और विक्रेताओं की बैठक भी आयोजित की जाएगी। लोगों के लिए आम की तीन सौ से अधिक किस्मों की प्रदर्शनी भी लगाई गई है। महोत्सव में एक हजार से अधिक किसान, उद्यान और बागवानी विशेषज्ञ तथा वैज्ञानिक भाग ले रहे हैं।

———————————————————————

साहित्य अकादमी ने इस वर्ष के साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार और साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार की घोषणा कर दी है। साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार के लिए चौबीस लेखकों और साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार के लिए तेईस लेखकों का चयन किया गया है। साहित्य अकादमी ने बताया कि सभी चयनित लेखकों को पचास हजार रुपये और एक ताम्र पट्टिका प्रदान की जायेगी। मैथिली भाषा में साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार जाने–माने लेखक नारायणजी को उनके कहानी संग्रह अनार के लिए दिया जाएगा। वे मधुबनी जिले के घोघरडीहा के रहने वाले हैं। वहीं, मैथिली भाषा में साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार के लिए मधुबनी जिले की ननोर गांव निवासी रिंकी झा ऋषिका का चयन किया गया है। उन्हें उनकी कविता संग्रह नदी घाटी सभ्यता के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

———————————————————————

प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में भीषण गर्मी और लू से जन–जीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज पटना, गया, नालंदा, नवादा, शेखपुरा, जहानाबाद, सारण, सीवान और जमुई जिले में लू की स्थिति बनी रही। वहीं, राज्य के उत्तर–पश्चिम और उत्तर–मध्य हिस्सों में गर्म दिवस जैसे हालात रहे। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पैंतालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर और भोजपुर राज्य के सबसे गर्म स्थान रहे। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। दूसरी तरफ, राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुयी है। किशनगंज के दीघलबैंक में सबसे अधिक चौबीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक कुणाल कौशिक ने बताया कि अगले दो दिनों तक राज्य के दक्षिण और उत्तर–पश्मिची हिस्सों में लू की स्थिति बनी रहेगी। वहीं, उत्तर–पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान है।

———बाईट———

——————————————————————————————

आपदा प्रबंधन विभाग ने भीषण गर्मी और लू से बचने को लेकर कई दिशा–निर्देश जारी किये हैं। लोगों को धूप में नहीं निकलने की सलाह दी गयी है। यदि निकलना आवश्यक हो तो छाता का इस्तेमाल करने को कहा गया है। साथ ही लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी और अन्य स्वास्थ्यवर्धक पेय–पदार्थ का सेवन करने की सलाह दी गयी है। एम्स नई दिल्ली के चिकित्सक डॉ. संजीव सिन्हा ने बताया कि गर्मी के मौसम में लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए।

———बाईट———

——————————————————————————————

विश्वभर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां शुरू हो गई है। योग दिवस प्रति वर्ष इक्कीस जून को मनाया जाता है। भारत में आयुष मंत्रालय के तहत अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान योग दिवस के लिए तैयारी कर रहा है। आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने बताया कि इस बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम है– **स्वयं और समाज के लिए योग**। उन्होंने कहा कि आयुष मंत्रालय योग को एक व्यापक आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

———बाईट———

——————————————————————————————

पटना के बिहटा स्थित एक निजी बैंक से अपराधियों ने लगभग उन्नीस लाख रूपये लूट लिए। पुलिस ने बताया कि अपराधियों ने बैंक की शाखा से सत्रह लाख रूपये और दो अन्य ग्राहकों से लगभग दो लाख रूपये लूटे। चार की संख्या में आए अपराधियों ने हथियार के बल पर घटना को अंजाम दिया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

——————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जम्मू कश्मीर के नौशेरा में पदस्थापित मधेपुरा निवासी भारतीय सेना के हवलदार पवन कुमार की शहादत पर गहरा शोक जताया है। श्री कुमार ने कहा कि शहीद के निकटतम आश्रित को राज्य सरकार की ओर से अनुमान्य अनुग्रह अनुदान दिया जाएगा और उनका पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया

जाएगा। इधर, शहीद हवलदार पवन कुमार का पार्थिव शरीर आज पटना हवाई अड्डे पर पहुंचा, जहां जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उन्नीस जून को एक दिवसीय दौरे पर राजगीर आयेंगे। श्री मोदी अंतरराष्ट्रीय नालंदा विश्वविद्यालय के नवनिर्मित परिसर का करेंगे उद्घाटन।

02. प्रधानमंत्री अठारह जून को पीएम–किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत नौ करोड़ तीन लाख किसानों के खाते में लगभग बीस हजार करोड़ रुपये अंतरित करेंगे।

03. साहित्य अकादमी ने मैथिली भाषा का बाल साहित्य पुरस्कार नारायणजी और युवा पुरस्कार रिंकी झा ऋषिका को देने की घोषणा की।

04. और, प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में भीषण गर्मी और लू से जन–जीवन प्रभावित। अगले दो दिनों तक लू से राहत के आसार नहीं।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।